State Bank of Indore has reported that five complaints were received against the Officers of its Regional Office and other city branches at Gwalior during the years 1995 and 1996. Out of these, three complaints were found to be baseless and in one the concerned branch manager was cautioned. Further, in one case, explanation of the officer concerned has been called for.

भारत में कार्यरत विदेशी बैंक

1613. **श्री एस०एस० सुरजेवाला:**
श्री अजीत जोगी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय भारत में कितने विदेशी बैंक कार्यरत हैं;

(ख) क्या भारतीय स्टेट बैंक की तुलना में ये विदेशी बैंक बहुत अधिक लाभ अर्जित कर रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) गत तीन वर्षों के दौरान इन बैंकों तथा भारतीय स्टेट बैंक को हुए लाभ/हानि संबंधी तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं?

वित्त मंत्री तथा कम्पनी कार्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) इस समय देश में 36 विदेशी बैंक कार्य कर रहे हैं।

(ख) से (घ) भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि वर्ष 1993-94 के दौरान सभी विदेशी बैंकों द्वारा सम्मिलित रूप से प्राप्त किया गया कुल शुद्ध लाभ भारतीय स्टेट बैंक की तुलना में अधिक था। परन्तु वर्ष 1992-93 और 1994-95 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक का शुद्ध लाभ सभी विदेशी बैंकों के सम्मिलित लाभ की तुलना में अधिक था। विदेशी बैंकों और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अर्जित लाभ/उठाए गए घाटों के ब्यौरे निम्नलिखित हैं:—

(करोड़ रुपए)

वर्ष	विदेशी बैंक	भारतीय स्टेट बैंक
1992-93	(-) 842.93	(+) 212.04
1993-94	(+) 503.97	(+) 275.04
1994-95	(+) 605.23	(+) 715.50

टिप्पणी:— शुद्ध लाभ (+)/हानि(-)

भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया है कि जहां विदेशी बैंकों की शाखाएं अधिकतर महानगरीय केन्द्रों एवं पत्तन नगरों में स्थित हैं, वहीं भारतीय स्टेट बैंक की पूरे देश में पर्याप्त संख्या में ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी शाखाएं हैं। भारतीय स्टेट बैंक ने विभिन्न सामाजिक ऋण योजनाओं के तहत अपने ऋणों का काफी भाग लगाया है जिनमें आय कम होती है। इसके अलावा, विदेशी बैंकों को अपने कार्य-संचालन एवं उत्पादकता में प्रौद्योगिकीय उत्कृष्टता प्राप्त है, जिसका परिणाम बेहतर लागत प्रभाव होता है। शाखाओं के आकार, व्यवसाय की दृष्टि से भौगोलिक प्रसार और शाखाओं की अवस्थिति को ध्यान में रखते हुए विदेशी बैंकों की भारतीय स्टेट बैंक से तुलना करना अनुचित होगा।

New promotion policy of A-I

1614. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item published in the Hindustan Times dated 9th June, 1996 under the caption 'New Promotion Policy of A-I';

(b) if so, the full details thereof; and

(c) what is the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C.M. IBRAHIM): (a) to (c) Yes, Sir. To correct certain imbalance in the existing promotion policy and also to provide desireable career growth to personnel in officer cadre, the management of Air India has decided to introduce a new career plan for officers of the general cadre. The revised policy and procedures were implemented in February, 1996.

Fall in the value of Rupee

1615. DR. B.B. DUTTA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether there has been a fall in the value of the rupee vis-a-vis the US dollar recently;

(b) if so, the details thereof;